कार्यालय, प्राचार्य, श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय किशनगढ़

दिनांक :– 01.04.2019

एन. सी. सी. विभाग

वार्षिक प्रतिवेदन - 2018-2019

लेफ्टि. महेंद्र कुमार वर्मा ,
सहायक आचार्य एवं,
सहायक एनसीसी अधिकारी

श्री रतनलाल **कँवरलाल** पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किशनगढ़ में एन.सी.सी गतिविधियाँ 11 राज बटालियन एनसीसी, अजमेर के निर्देशानुसार करवाई जाती है। महाविधालय में कुल 160 एन सी सी कैडेट्स की संख्या अधिकृत है, जिसमे 33% छात्रा कैडेट्स के लिए आरक्षित है। सत्र 2018 - 19 में प्रथम वर्ष हेतु एन.सी.सी भर्ती आरपीटीसी, किशनगढ़ के मैदान पर 11 राज बटालियन एनसीसी, अजमेर के नेतृत्व में आयोजित की गई । भर्ती के हेतु छात्रों के लिए सोलह सौ मीटर एवं छात्राओं के लिए बारह सौ मीटर की दौड़ आयोजित की गई । दौड़ में सफल हुए विद्यार्थियों का साक्षात्कार तथा लिखित परीक्षा ली गई । अंतिम रूप से 11 छात्रा कैडेट्स व 41 छात्र कैडेट्स का चयन किया गया।

15 अगस्त 2018 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविधालय में राष्ट्रीय ध्वज सलामी एवं परेड मार्च का आयोजन किया गया और राष्ट्रीय पर्व को सफल बनाया ।

21.06.2018 को योग दिवस को महाविधालय परिसर में योग करवाया गया।

मतदाता जागरूकता पर व्याख्यान हुआ । मतदान से संबधित जानकारियाँ दी तथा मतदान करने शपथ दिलवाई और मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

महाविधालय के एन सी सी कैडेट्स द्वारा दिनांक 15.11.2018 को स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया तथा स्वच्छता अभियान के तहत महाविधालय परिसर एवं महाविधालय के पास साफ़ सफाई की गई।

महाविधालय में 26.11.2018 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे एन सी सी कैडेट्स ने अपनी भागेदारी निभाई।

11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर परिसर में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग प्रक्षिक्षण दिया गया ।

12 जनवरी 2019 को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस का आयोजन किया गया

23 जनवरी 2019 को सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में पराक्रम दिवस मनाया तथा उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण कर उनके शौर्य को याद किया तथा संकाय सदस्यों व कैडेट्स ने पुष्प अर्पित कर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की

26 जनवरी 2019 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाविधालय में राष्ट्रीय ध्वज सलामी एवं परेड मार्च का आयोजन किया गया और राष्ट्रीय पर्व को सफल बनाया ।

प्राचार्य
श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
किशनगढ़ (अजमेर)

एनसीसी अधिकारी